# अंत्येष्टि राशि के लिए भटक रहा परिवार, संबल का भी नहीं मिला लाभ

## मजाक बनी योजनाएं : लाभ लेने के लिए परिवार छह माह की बेटी को लेकर पंचायत से लेकर दफ्तरों के काट रहा चक्कर

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में श्रम विभाग द्वारा शुरू की गई अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता योजना मजाक बन कर रह गई है, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि सारे दस्तावेज होने के बाद भी इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। ऐसा ही एक मामला ग्राम बांकलपुर का सामने आया है। जहां एक गरीब महिला की मृत्यु हो जाने के सात माह बाद भी न तो उसके परिवार को अंत्येष्टि राशि मिली न ही संबल कार्ड होने के बाद अनुग्रह सहायता योजना का लाभ मिला। जिसके बाद मृतक महिला का पति आए दिन अपनी छह माह की बेटी को साथ लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय से लेकर अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगाता फिर रहा है। तो वहीं कई बार मिन्नते और निवेदन करने के बाद भी योजनाओं का लाभ नहीं मिला तो उसने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी पीड़ा जिला अधिकारियों को बताई।



### पंचायत संचिव पर परेशान करने के आरोप, पंचायत सचिव बोले दिखवाते हैं करवाते हैं

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे मोहर सिंह ने बताया कि पंचायत के मंत्री (सचिव एवं रोजगार सहायक) से कई बार अंत्येष्टि राशि एवं सहायता राशि को लेकर गुहार लगा चुका है। लेकिन इसके बाबजूद भी उसके इस कार्य पर किसी का ध्यान नहीं किया गया। वहीं उसने बताया कि पंचायत सचिवों द्वारा उसे जबरन परेशान किया जा रहा है। जबकि उसके बाद जरूरी दस्तावेज होने के साथ ही संबल कार्ड भी है। यह गौर करने वाली बात ये है कि जिस निर्धन और जरूरतमंद परिवार के लिए अंत्येष्टि सहायता राशि देने का प्रावधान है, उस परिवार के लिए सात माह गुजर जाने के बाद जिम्मेदारों द्वारा दी नहीं गई या फिर राशि का हड़प लिया गया है। वहीं इस मामलों को लेकर जब पंचायत के रोजगार सहायक छत्रपाल सिंह लोधी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इसे करवा रहे है, जल्द ही इन सहायता राशि मिल जाएगी। वहीं अंत्येष्टि राशि न दिये जाने पर उन्होंने चुप्पी साध ली। वहीं जब पंचायत सचिव शोभाराम पाल से चर्चा की गई तो पहले उन्होंने परिवार को अन्य पंचायत का होना बताया, जब उनसे और गहनता से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा बताया कि इस मामले मैं दिखवा लेता हूं। वहीं अंत्येष्ट राशि को लेकर बताया कि जितनी राशि आई थी, वह वितरित कर दी गई थी। वहीं मोहर सिंह को नहीं दिये जाने पर उन्होंने कहा कि सरपंच साहब की मृत्यु हो गई और चुनाव हुआ था, इस कारण इन्हें यह राशि नहीं मिल पाई है।

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम बांकलपुर निवासी मोहर सिंह कुशवाह ने बताया कि उसकी पत्नि स्नेहा की करीब छह माह पहले डिलेवरी से कुछ दिन मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए मंत्री (सचिव, रोजगार सहायक) से लेकर अधिकारियों के पहुंचा, लेकिन छह माह से अधिक समय बीतने के बाद भी उसे किसी भी योजना का लाभ नहीं दिया गया, जबकि उसके पास संबल कार्ड सहित सारे दस्तावेज है। तो वहीं सभी दस्तावेजों को वह मंत्री जी को फाइल बनाकर दे चुका है। लेकिन इसके बाद भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि पत्नि की मृत्यु के बाद छह माह की छोटी से बालिका की देखभाल उसके द्वारा की जा रहीं है।



### पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मिला 4 वर्षीय बालक मिला

**अशोकनगर।** डायल-112 पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुम हुए एक 4 वर्षीय बालक को उसके परिजनों से सकुशल मिलाया गया है। दरअसल थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत एक 4 वर्षीय बालक के अपने घर का रास्ता भटक जाने की सूचना प्राप्त हुई। बालक के गुम होने की सूचना मिलते ही थाना देहात द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक अनूप कुमार एवं चालक द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया। बालक अपने परिजन के सम्बन्ध में जानकारी नही बता पा रहा था, डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक अनूप कुमार एवं चालक द्वारा आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश की गई एवं आसपास के लोगों से जानकारी ली, पुलिसकर्मियों की सतर्कता एवं कुशल कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप अल्प समय में बालक को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। तत्पश्चात आवश्यक पूछताछ एवं पहचान सुनिश्चित करने के पश्चात बालक को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंपा गया। अपने बालक को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा अशोकनगर पुलिस एवं डायल-112 की तत्परता, मानवीयता, संवेदनशीलता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा, प्रधान आरक्षक अनूप कुमार एवं डायल-112 चालक की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त सराहनीय कार्य हेतू डायल-112 स्टाफ को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की है।

## एक नजर में

### एक किलो से ज्यादा गांजे के साथ एक गिरफ्तार

अशोकनगर। ईसागढ पुलिस ने एक व्यक्ति को गांजे की तस्कीर करते हुए गिरफ्तार किया है। साथ ही उससे करीब 01 किलो 555 ग्राम सूखा गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमती करीबन 50000 रुपये बताई जा रहीं है। थाना प्रभारी ईशागढ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी ने बताया कि विगत दिवस मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गहोरा देवकानी माता मंदिर रास्ते के मोड पर एक व्यक्ति एक प्लास्टिक के थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुये है, उक्त सूचना पर पुलिस टीम गठित कर समुचित निर्देश देकर मुखविर के बताये स्थान पर रवाना किया गया। गहोरा देवकानी माता मंदिर रास्ते के मोड पर घेराबंदी कर आरोपी कल्याण प्रसाद शर्मा पुत्र बृजनारायण शर्मा उम्र 58 साल निवासी ग्राम गहोरा को पकड़ा गया। साथ ही उसके कब्जे से 01 किलो 555 ग्राम सूखा गांजा कीमती करीबन 50000 रुपये का जप्त किया गया।

### विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन

**पिपरई।** नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया, जिसमे पूरे नगर को भक्तिमय माहौल से रंग दिया। इस दौरान राम-जानकी मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मातृशक्ति शामिल हुईं। भगवा ध्वज, जय श्रीराम के उद्घोष और ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा नगर के जिन मार्गो से निकली, वहां का वातावरण पूरी तरह से धार्मिक होता चला गया। तो वहीं श्रद्धालुओं ने जगह-जगह इस शोभायात्रा का पुष्प वर्षा करके जोरदार स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर समाजसेवी लोगों ने फ्री कलश यात्रा में माता बहनों के पैर धोये आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा के बाद मंडी ग्राउंड परिसर में धर्मसभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण और सनातन मूल्यों को मजबूत करने पर जोर दिया।


# सैंपल लेकर डरा रहीं खाद्य अधिकारी, जांच की मांग

## आरोप -थोक विक्रेताओं को छोड़ छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई, दलालों से उगवाए जा रहे पैसे

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। जिले में पदस्थ खाद्य निरीक्षक पर मनमनी से सैंपल लेने और इन सैंपलों को लेकर डराने सहित पैसों की मांग किये जाने का गंभीर आरोप लगा है। ऐसी ही एक शिकायत मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ऑल इंडिया कांग्रेस विग्रेड कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक जैन सिघाड़ा द्वारा कलेक्टर से की गई है।**

कलेक्ट्रेट में आवेदन देते हुए श्री सिघाड़ा ने बताया कि वर्तमान में पदस्थ खाद्य अधिकारी लीना नायक द्वारा जिलामुख्यालय, नगरों को छोड़कर छोटे - छोटे कस्बों में सैंपल लेने की कार्रवाई की जाती है। साथ ही इन छोटे-छोटे दुकानदारों के यहां से गुटखा, विस्कुट, सरसो का तेल आदि के सैंपल लिये जाते है। वहीं सैंपलों के नाम पर दुकानदरों से काफी मात्रा में खाद्य सामग्री ली जाती है। जिसके कारण दुकानदार काफी परेशान है, उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है, वह इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई करे।



दलालो के जरिये की जाती है पैसो की मांग: ऑल इंडिया कांग्रेस विग्रेड कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक जैन सिघाड़ा द्वारा खाद्य निरीक्षक पर मनमनी करने एवं बड़े दुकानदारों को छोड़कर छोटे दुकानदारों के सैंपलिंग कर परेशान करने का आरोप लगाया गया है। तो वहीं लिये गयें सैंपलो के नाम से डराने एवं दलालों के नाम से पैसों की मांग किये जाने का आरोप भी लगाया गया है। अब इन आरोपों में कितनी सत्यता है यह तो अब जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद ही देखने को मिलेगा। हालांकि इतना जरूर है कि खाद्य निरीक्षक अपने कार्यलय में कम और फील्ड में ज्यादा रहती है। जिस तरह वह फील्ड पर रहती है, लेकिन उस तरह की कार्रवाई की जानकारी विभाग द्वारा नहीं बताई जाती है।

### थोक दुकानदारों के यहां नहीं करतीं कार्रवाई:

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में बताया गया कि खाद्य निरीक्षक द्वारा थोक दुकानदारों पर कार्रवाई नहीं की जाती है और न ही उनके यहां पर सैंपलिंग की कार्रवाई देखने को मिलती है। बल्कि इन दुकानों से छोटे-छोटे दुकानदारों के यहा सामान जाता है। उन्होंने बताया खाद्य अधिकारी द्वारा पिपरई, मुगावली, बहादुरपुर, अथाईखेडा के छोटे-छोटे कस्बो में खाने की वस्तु जिसमे राजश्री गुटखा, बिस्कुट, खाने का तेल, सरसो का तेल आदि सामानो का सैंपल लेती है, लेकिन उन्हीं के द्वारा शहर में कोई कार्रवाई नही की जाती है, जबकि सारी खाद्य सामग्री शहर के थोक विक्रेताओं द्वारा इन दुकानदारों को बेची जाती है।

**इनका कहना है।**



जो भी शिकायत आई है, उसे दिखवा सैंपल के बारे में हम कुछ नहीं बता सकते है, हमारे अधिकारी हमसे पूछेगे हम उनको बता देंगे, जो शासन से निर्धारित है उसके हिसाब से सैंपल लिये जाते है। वहीं शासन के रूल के लिए आपको एक बुक लेकर पड़ना पड़ेगा, क्योंकि उसमें सब कुछ लिखा है। कितना सैंपल, कितना नमूना लिया जाता है, कितनी मात्रा ली जाएगी, मैं ऐसे नही बता सकती। वहीं शिकायत हुई तो अधिकारी हमसे पूछेगे तो उन्हें बताया जाएगा।

*लीना नायक, खाद्य अधिकारी*
*खाद्य एवं औषधि विभाग*

# डॉ अंतरिक्ष जैन को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति भवन में एट-होम रिसेप्शन का आमंत्रण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। इंदौर निवासी एवं जिले के शाढ़ौरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ शासकीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंतरिक्ष जैन को भारत के राष्ट्रपति द्वारा 26 जनवरी 2026 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित एट-होम रिसेप्शन में आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण मध्य प्रदेश राज्य तथा चिकित्सा समुदाय के लिए गर्व का विषय है।**



डॉ. अंतरिक्ष जैन को यह न्योता राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के दौरान आयोजित यंग लीडर्स डायलॉग में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीतने के उपरांत प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था एवं भारत के माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुति देते हुए अपने विचार और दृष्टिकोण साझा किए थे। इस आमंत्रण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. अंतरिक्ष जैन ने आभार प्रकट किया और कहा कि यह सम्मान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े चिकित्सकों और जमीनी स्तर पर कार्यरत युवा नेतृत्व की समर्पित मेहनत की भी पहचान है। वहीं राष्ट्रपति भवन में गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला एट-होम रिसेप्शन देश के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में शामिल है, जिसमें देश-विदेश की वे विशिष्ट हस्तियां भाग लेती हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

### महारानी लक्ष्मी स्व सहायता समूह का अनुबंध समाप्त

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ईसागढ़ की अध्यक्षता में पीएम पोषण योजनांतर्गत अनुश्रवण समिति की बैठक में लिए गये निर्णय अनुसार ग्राम पंचायत सेमरखेडी के (गोविंदपुर) एकीकृत प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालय में अनुवंधित महारानी लक्ष्मी स्व सहायता समूह का अनुबंध समाप्त की शाला प्रबंधन समिति एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सेमरीखेडी (गोविंदपुर) एवं शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक विद्यालय जनोदा को मध्यान भोजन वितरण करने के लिए आदेशित किया गया है। उल्लेखनीय है किपीएम पोषण योजनांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित एकीकृत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सेमरखेडी एवं प्राथमिक विद्यालय कॉलोनी जनोदा में अनुवंधित स्व. सहायता समूह द्वारा शाला में नियमित रूप से मैन्यू अनुसार रूचि कर गुणवत्ता पूर्ण भोजन वितरण न करने के कारण शाला के प्रधानाध्यापको द्वारा शिकायत की गई थी।

# 4 दिनों में हटानी होंगी गुमठियां और दुकानों के आगे के टीन शेड

**बहादुरपुर, बंगलाचौराहा पर अतिक्रमण चिन्हित**

**करीला मेला को देखते हुए कार्रवाई तय**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** करीला मेले के दौरान सुगम यातयात बना रहे, इसके लिए प्रशासन ने मुख्य सड़कों पर से अतिक्रमण हटवाने की कवायद तेज कर दी है।

दरअसल, मां जानकी करीला धाम के आगामी मेले के भव्य आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। कलेक्टर के निर्देशानुसार, बहादुरपुर और मुंगावली क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया जा रहा है। तहसीलदार बहादुरपुर ने इस संबंध में जनपद पंचायत मुंगावली को पत्र लिखकर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।



**अथाईखेड़ा, बंगला चौराहा, बहादुरपुर के 349 से अधिक अतिक्रमण चिह्नित:**

राजस्व विभाग की टीम ने सारा एप और मौके पर जाकर अतिक्रमणकारियों की विस्तृत सूची तैयार की है। जांच में सामने आया है कि केवल अथाईखेड़ा में अशोकनगर-विदिशा स्टेट हाईवे के किनारे 93 लोगों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं, जिनमें 12 स्थायी और 81 अस्थायी निर्माण शामिल हैं। इसी तरह बहादुरपुर मुख्य मार्ग पर 78 और बंगला चौराहा (बरखेड़ा जमाल) पर भी 178 से अधिक गुमठियों, टीन शेड और पक्के चबूतरों को चिह्नित किया गया है।

**5 दिन के भीतर करनी होगी कार्यवाही:**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली ने ग्राम पंचायत अथाईखेड़ा, बरखेड़ा जमाल और बहादुरपुर के सरपंच व सचिवों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी चिह्नित अतिक्रमणकारियों को तत्काल नोटिस जारी किए जाएं और अगले 5 दिनों के भीतर राजस्व विभाग के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित कर रिपोर्ट सौंपी जाए।

**मेले की सुगमता के लिए प्रशासन का कड़ा रुख:**

प्रशासन का मुख्य उद्देश्य करीला मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए रास्तों को बाधा मुक्त बनाना है। चिह्नित अतिक्रमणों में दुकानों के आगे निकले हुए टीन शेड, पक्की दीवारें, लोहे की फेंसिंग, हाथ ठेले और सड़कों पर रखे जेनरेटर व भारी मशीनें शामिल हैं। तहसीलदार ने चेतावनी दी है कि पंचायत राज अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर मुख्य मार्गों को जल्द से जल्द साफ कराया जाए।

**आयोजन** | **दिगंबर जैन कमेटी पहुंची कथा सुनने**

# भागवत कथा सुनने से मुक्ति भी संभव : प्रीति देवी

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** नगर के स्टेशन रोड स्थित जैना मोटर्स द्वारा आयोजित की जा रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक प्रीति देवी ने ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मुक्ति मिल सकती है इसका श्रवण जरूर करना चाहिए और आज कथा भी वह लोग सुन सकते है जिन्हें भगवान से प्रेम होगा । क्योंकि भगवान को प्रेम ओर भक्ति से ही जीता जा सकता है भगवान केवल अपने प्रेम के भूखे रहते है और उन्हें कुछ नहीं चाहिए उन्हें भक्ति से प्राप्त किया जा सकता है, आगे कहा कि श्रीमद भागवत कथा भक्ति का संदेश देती है, मनुष्य को संसार से नहीं वैराग्य और कन्हैया से अनुराग करना चाहिए राजा परीक्षित की श्रीमद भागवत कथा ग्रहण करने से मुक्ति हो सकती है यहां इसका श्रवण जरूर करना चाहिए। वही कथा के दूसरे दिन दिगम्बर जैन पंचायत सहित जैन समाज के लोग कथा का श्रवण करने पहुंचे जहां जैन वीर सेवा दल के अध्यक्ष नीतेश काली मोदी ने कहा कि यह जैना परिवार ने सभी समाजों को एक सिख दी है कि धर्म कार्य में सबसे आगे रहना चाहिए। जिससे ऐसे धार्मिक अनुष्ठान से सभी को पुण्य लाभ मिलता है इस मौके पर कथा के पुण्यार्जक जय नारायण अग्रवाल का सम्मान किया गया। इस मौके पर ग्रेन मर्चेंट एसोशियन के अध्यक्ष देवेंद्र सराफ, जैन समाज अध्यक्ष चंद्रेश मोदी, कुलदीप अग्रवाल,राजदीप अग्रवाल, रूपेश जैन, अनिल सराफ, सुधीर सिंघई, मनीष जैन, मंटू मोदी, राहुल जैन, अनुज जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



**आनंद मय हुई बम्मनखिरिया**

**मुंगावली।** ग्राम बम्मनखिरिया में श्री श्री 1008 हनुमान जी महाराज मंदिर पर मंगलवार को सुबह पूजा-अर्चना के बाद दोपहर में श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पंडित देवी कृष्ण प्रिया ने लोगों को प्रतिदिन पूजा व ध्यान के महत्व को बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुबह और शाम प्रत्येक मनुष्य को भगवान का स्मरण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान अनेक प्रसंगों को सुनाते हुए बीच बीच में भजन कीर्तन भी किए गए। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का आनंद लिया और देर शाम हुई भव्य आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।




# सहोदरी में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, वक्ताओं ने किया संबोधित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** संघ शताब्दी वर्ष उपलक्ष्य में देश भर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम सहोदरी में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महेश रघुवंशी विभाग सह कार्यवाह उपस्थित रहे। तो वहीं मातृशक्ति की ओर से रामेती रघुवंशी , संत समाज से श्री-श्री इंद्रदेव जी महाराज उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद कुशवाह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजन, तुलसी पूजन और भारत माता की पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त सकल हिन्दू समाज द्वारा मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन किए जा रहे है। वहीं समाज में समरसता का भाव आना चाहिए और हमे वर्ग भेद छोड़कर,जातिवाद छोड़कर एक होने की आवश्यकता है।

# प्री-स्कूल एज्युकेशन में पंजीयन शुरू

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप जिले के 3 से 6 वर्ष के शत् प्रतिशत बच्चों को आंगनवाडी केन्द्रों में दर्ज करने हेतु शासन के निर्देशानुसार विशेष एन्ड्रोलमेंट ड्राईव चलाया जा रहा हैं। 12 जनवरी 2026 से प्रारंभ इस कार्यक्रम का उद्धेश्य हैं कि मानव संसाधन देश के आर्थिक विकास व सामाजिक प्रगति का मूल आधार हैं। प्रारंभिक शिशु शिक्षा एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं। इस कार्यक्रम के द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों में 06 वर्ष तक के बच्चो को उनके पूरे विकास को सुनिश्चित करके औपचारिक स्कूल शिक्षा के लिये तैयार करने में महत्वंपूर्ण भूमिका निभायेगे ताकि बच्चे स्वास्थ्य, आत्म विश्वासी और सीखने के लिये तैयार होकर स्कूलो में प्रवेश करे सके।

मंगलवार को मैदानी स्तर पर मिशन के रूप में 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चो को जनभागीदारी, बच्चो के माता-पिता व जनप्रतिनिधियो के साथ दूरस्थ क्षेत्र के परिवारो से संपर्क कर पंजीकृत किया गया। शहरी क्षेत्र में बार्ड पार्षद शालिनी खेरा ने आंगनवाडी पर 8 बच्चों का पंजीयन करवाने में सहयोग किया।



क्षेत्र तूमेन में पीवीटीजी परिवारो के बच्चो को पंजीकृत कर आंगनवाडी की सेवाओ के लाभ देने प्रारंभ किये। प्रतिदिन 200 बच्चो को पंजीकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया हैं। ताकि पात्र शत प्रतिशत बच्चो का पंजीयन हो सके।